1800 medicare

1800 633 422

जब आप 1800MEDICARE पर कॉल करते हैं तो उससे संबंधित चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका

1800MEDICARE ऑस्ट्रेलिया में सभी लोगों के लिए उपलब्ध एक निःशुल्क 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन (24/7) स्वास्थ्य सेवा है। विशेषज्ञ स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने और अपनी आवश्यकता के अनुसार सही स्वास्थ्य सेवा खोजने में सहायता पाने के लिए 1800 633 422 पर कॉल करें, और एक पंजीकृत नर्स से बात करें। आप मेडिकेयर की वेबसाइट medicare.gov.au/1800 पर भी जा सकते हैं या सेवा तक पहुँचने के लिए मोबाइल ऐप का उपयोग कर सकते हैं और अधिक स्वास्थ्य जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

किसी आपात स्थिति में, हमेशा ट्रिपल ज़ीरो (**000**) पर फ़ोन करें या सीधे अपने निकटतम आपातकालीन विभाग में जाएँ।

चरण 1 – अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं या स्वास्थ्य सलाह की शीघ्र आवश्यकता है?

- समझ नहीं आ रहा कि क्या करें
- मेरे सामान्य डॉक्टर (GP) का क्लिनिक बंद है
- स्वस्थ महसूस नहीं कर रहे हैं
- मुझे नहीं पता कि कहाँ जाना है

चरण 2 – 1800MEDICARE को 1800 633 422 पर कॉल करें

आप जिनके लिए कॉल कर सकते हैं:

- स्वयं के लिए
- अपने बच्चे के लिए
- परिवार के किसी सदस्य के लिए
- उसके लिए जिसकी आप देखभाल करते हैं

चरण 3 – नर्स सही देखभाल के लिए आपका मार्गदर्शन करेगी जिसमें शामिल हो सकते हैं:

घर पर देखभाल
आपको सलाह दी जा सकती है कि आप घर पर अपने लक्षणों को सुरक्षित रूप से कैसे प्रबंधित करें।

जीपी (GP) के पास जाएँ
आपको जीपी या स्वास्थ्य क्लिनिक में भेजा जा सकता है। नर्स आपको दिन के समय और आपकी स्थिति के आधार पर वर्चुअल (ऑनलाइन) जीपी अपॉइंटमेंट का भी प्रबंध कर सकती है।

फ़ार्मेसी
आपको सलाह या उपचार के लिए किसी फ़ार्मेसी में जाने के लिए कहा जा सकता है।

तत्काल या आपातस्थिति में देखभाल
यदि आवश्यक हो, तो आपको मेडिकेयर अर्जेंट केयर क्लिनिक या आपातकालीन विभाग में जाने की सलाह दी जा सकती है।

अपनी भाषा में सहायता चाहिए?

टिस नेशनल (TIS National) को **131 450** पर फ़ोन करें → अपनी भाषा में बात करने के लिए कहें → एक दुभाषिए की माँग करें * → 1800MEDICARE या **1800 633 422** से जोड़ने के लिए कहें।

* दुभाषिया सहायता निःशुल्क है

अधिक जानकारी

1800MEDICARE के बारे में अधिक जानने और सही समय पर सही देखभाल खोजने के लिए:

- 1800MEDICARE को **1800 633 422** पर कॉल करें
- medicare.gov.au/1800-translated-resources पर जाएँ
- 1800MEDICARE ऐप डाउनलोड करें
- अधिक जानने के लिए स्कैन करें